दिनांक : 23.10.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संगठित होकर आतंकवाद से निपटने को कहा।
- रीवा में हुआ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन,मुख्यमंत्री ने कहा रीवा में बनायेंगे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क।
- बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर नामांकन भरने का सिलसिला जारी, अब तक 9 उम्मीद्वारों ने भरा पर्चा।
- प्रदेश के कई जिलों में ठंड ने दी दस्तक, पंचमढ़ी में पारा 14 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुॅंचा।

**पीएम-ब्रिक्स संबोधन**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स के सदस्य देशों से कहा है कि वे संगठित होकर सहयोग के साथ आतंकवाद और आतंकी गतिविधियों को धन उपलब्ध कराने वालों के साथ सख्ती से निपटें। उन्होंने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर दोहरे मानदण्डों के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को कट्टर बनाने वाली ताकतों को रोकने के लिए सक्रियता से काम करना होगा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में विचाराधीन अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौते के मुद्दे पर काम करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, "नए स्वरूप में ब्रिक्स 30 ट्रिलियन डॉलर से अधिक बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इस वर्ष ब्रिक्स के भीतर बनी सहमति हमारे आर्थिक सहयोग को मजबूत करेगी**

**प्रधानमंत्री - शी चिनफिंग**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से अलग चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की । दोनों नेताओं ने कई द्पक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति के बीच यह पिछले पांच वर्षो में होने वाली पहली औपचारिक बैठक है।**

रीवा कॉन्क्लेव

रीवा में आज क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 4 हजार से अधिक उद्योगपतियों ने शिरकत की। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रीवा में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाया जाएगा। साथ ही संजय दुबरी नेशनल पार्क को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। हेल्थ टूरिज्म को विकसित किया जाएगा। सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, मैहर में एमएसएमई के नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। रीवा और सतना में मौजूदा क्षेत्र के अलावा नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र बैढ़न में 84 लाख रुपए की जलापूर्ति योजना होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को 1250 रुपये के साथ ही इंडस्ट्री में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी देंगे।

कॉनक्लेव में कई उद्योग समूहों से निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए है।इसमें पतंजलि ग्रुप 1000 करोड विंध्य क्षेत्र में निवेश शामिल जिससे किसानों को लाभ मिलेगा।

एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के न्यूजलेटर 'ऑफबीट मध्यप्रदेश' का विमोचन किया। इस न्यूजलेटर का उद्देश्य राज्य के पर्यटन स्थलों की व्यापक जानकारी प्रदान करना और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना है। प्रत्येक 3 माह में प्रकाशित होने वाले इस न्यूज लेटर में मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक, और धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस न्यूज लेटर को मध्यप्रदेश पर्यटन की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा।

प्रधानमंत्री - मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 - 1 1 - 7

8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

उप निर्वाचन

प्रदेश के दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उप निर्वाचन के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने बताया कि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के पांचवें दिन बुधवार को श्योपुर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 02-विजयपुर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा दो नाम-निर्देशन पत्र तथा सीहोर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 156-बुधनी में 4 अभ्यर्थियों ने पांच नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। गत 18 अक्टूबर से अब तक दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 9 अभ्यर्थी अपने नाम-निर्देशन पत्र जमा करा चुके हैं।

धान उपार्जन

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए प्रदेश में 7 लाख 85 हजार 41 किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले वर्ष से अधिक है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवम्बर और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से किया जायेगा। किसान पंजीयन में रकबा 14 लाख 12 हजार 857 लाख हेक्टेयर है। रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश में हुए कुल पंजीयन में मुख्य रूप से जिला बालाघाट में एक लाख 29 हजार 373 किसानों ने पंजीयन कराया है।

मीडिया अवार्ड

मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिये सर्वोत्तम अभियान चलाने वाले मीडिया संस्थानों को भारत निर्वाचन आयोग नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान करेगा। आयोग ने 10 दिसम्बर तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट एवं सोशल मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। वर्ष 2024 में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मीडिया संस्थानों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न चार श्रेणियों में अपने प्रस्ताव भेजने होंगे। इससे संबंधित

विस्तृतविवरण www.ceomadhyapradesh.nic.in और www.mpinfo.org पर उपलब्ध है।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से आज CBSC बोर्ड की अंडर -17 राष्ट्रीय उपविजेता गर्ल्स फ़ुटबॉल टीम ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने टीम की कप्तान यति शर्मा के नेतृत्व में सभी सदस्यों से चर्चा कर परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने कहा कि बेटियों की उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। CBSC बोर्ड की अण्डर-17 गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच चेन्नई में खेला गया। टूर्नामेंट में भारत की कुल 32 टीमों ने भाग लिया था।

**मौसम**

**प्रदेश** के कई जिलों में ठंड ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। प्रदेश में सबसे कम तापमान पंचमढ़ी में 14 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंडला, शिवपुरी, शहडोल, कटनी सहित कई अन्य जिलों में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुँच गया। इस बीच **साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अभी भी कई जिलो में बारिश का दौर जारी है। कल शाम इंदौर में तेज बारिश हुई। खंडवा, आलीराजपुर में पानी** गिरा **। जबकि राजधानी भोपाल में पूरे दिन बादल छाए रहे।**

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा आज रेडक्रॉस सभागार में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 97 वृद्धजनों ने उपचार का लाभ लिया।
- पन्ना के प्राणनाथ मंदिर में चल रहा दस दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव अपने परम्परागत भव्यता के साथ आज सम्पन्न हो गया। श्रद्धालुओं और प्रणमी संप्रदाय के धर्म गुरुओं ने बंगला साहिब मंदिर मे उन्हें आसन ग्रहण कराया।
- बैतूल कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान केन्द्र प्रायोजित योजनाओं एवं वर्तमान में विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संगठित होकर आतंकवाद से निपटने को कहा।
- रीवा में हुआ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन,मुख्यमंत्री ने कहा रीवा में बनायेंगे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क।
- बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर नामांकन भरने का सिलसिला जारी, अब तक 9 उम्मीद्वारों ने भरा पर्चा।
- प्रदेश के कई जिलों में ठंड ने दी दस्तक, पंचमढ़ी में पारा 14 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुँचा।

...................